स्वागत है

Thames hospice

Hello

ciao

मस्ते

你好

namaste

Hallo

Hej

Привет

Bonjour

Hola

مرحبا

Buna ziua

जीवन की गुणवत्ता, जीवन के अंतिम चरण तक

विशेषज्ञ देखभाल, हर दिन दयालुता।

हमारे समुदाय के लिए देखभाल और सहयोग

1987 से गर्व के साथ अपने समुदाय की सेवा कर रहे हैं। हम एक चैरिटी संस्था हैं जो 16 वर्ष और उससे अधिक आयु के उन लोगों के लिए विशेष और जटिल देखभाल प्रदान करती है, जिनकी कोई गंभीर या जीवन-सीमा वाली बीमारी है। हम उनके परिवारों को भी आवश्यक सहयोग प्रदान करते हैं।

हम करुणामय और संवेदनशील देखभाल देने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिससे मरीजों और उनके प्रियजनों को यह चुनने का अधिकार मिले कि वे कैसी देखभाल प्राप्त करना चाहते हैं। हम उनके घरों पर और हॉस्पिस में सर्वोत्तम चिकित्सीय और उपचारात्मक सहायता प्रदान करते हैं। हमारे कुशल डॉक्टर और नर्सें, मरीजों और उनके परिवारों के साथ मिलकर उनकी ज़रूरतों के अनुसार एक संपूर्ण देखभाल कार्यक्रम तैयार करते हैं, और हमेशा सभी के साथ गरिमा और सम्मान से पेश आते हैं।

हमारी इनपेशेंट और होम हॉस्पिस सेवाओं के साथ-साथ, हम आउटपेशेंट गतिविधियों और स्वास्थ्य से जुड़ी वेलबीइंग थेरेपीज़ भी प्रदान करते हैं, जिनमें कंप्लीमेंटरी थेरेपी, फिजियोथेरेपी, लिम्फोएडेमा सेवाएँ, साथ ही काउंसलिंग और शोक सहायता शामिल हैं।

हम मरीजों, उनके परिवारों और देखभाल करने वालों के लिए 24 घंटे, सातों दिन उपलब्ध रेस्पॉन्स टीम के माध्यम से निरंतर देखभाल प्रदान करते हैं। यह टीम लक्षणों को नियंत्रित करने के लिए मार्गदर्शन, व्यावहारिक सलाह और भावनात्मक सहयोग देती है।

हर किसी के साथ **दयालुता, गरिमा और सम्मान के साथ पेश आना** और एक सुरक्षित व देखभालपूर्ण वातावरण प्रदान करना, यही हमारी हर कार्य की मूल भावना है।

Thames हॉस्पिस आपके लिए हमेशा मौजूद है — और यह हमारी अद्भुत समुदाय के बदौलत ही संभव है।

हमें गर्व है कि हम अपनी सभी सेवाएँ पूरी तरह निःशुल्क प्रदान करते हैं। इस महत्वपूर्ण देखभाल को जारी रखने के लिए, हम आप जैसे उदार लोगों के सहयोग पर निर्भर हैं। सरकार केवल हमारी कुल लागत का 30% हिस्सा वहन करती है, इसलिए मरीजों और उनके परिवारों की सहायता के लिए हमें हर दिन £39,000 जुटाने की आवश्यकता होती है।

आपका सहयोग, चाहे वह दान देने, फंडरेज़िंग करने, स्वयंसेवा करने, हमारे स्टोर्स से खरीदारी करने, या किसी भी अन्य तरीके से हो, हमारे लिए बेहद मूल्यवान है। हम आपके बिना यह कार्य नहीं कर सकते!

“आपकी टीम ने हर संभव सहायता की। हमें यह जानकर सुकून मिला कि हमारे प्रियजन की आपके सभी सदस्यों द्वारा कितनी अच्छी तरह देखभाल की जा रही थी, और हम इस बात के लिए आभारी हैं कि हमें साथ रहने के लिए इतना सुंदर और स्नेहमय स्थान मिला।”

जानिए, आप हमें कैसे सहयोग कर सकते हैं:

www.thameshospice.org.uk/supportus

intouch@thameshospice.org.uk

1987 से हमारे समुदाय की देखभाल कर रहे हैं।

हॉस्पिस केयर वह सब कुछ है जो आप उम्मीद करते हैं और वह भी जो आप नहीं करते।

स्वयं आइए और हमारे सुंदर झील-किनारे स्थित परिसर को देखें। एक शांत और सुकूनभरा स्थान, जहाँ आप शांत वातावरण का अनुभव कर सकते हैं, स्थानीय वन्यजीवों को देख सकते हैं और Bray झील के मनमोहक दृश्यों का आनंद ले सकते हैं - यह शांति और मानसिक संतुलन पाने तथा अपने सुख-स्वास्थ्य को बढ़ाने के लिए एक आदर्श स्थान है।

हमारे स्वागतपूर्ण परिसर के केंद्र में आपको मिलेगा हमारा “कैफ़े बाय द लेक”, जहाँ स्वादिष्ट गरम और ठंडे भोजन एवं पेय पदार्थों की विविधता परोसी जाती है। यह हमारे साथ जुड़ने का एक शानदार अवसर है, चाहे आप अंदर बैठें या हमारे टेरेस पर बाहर यहाँ आप शांत वातावरण और सुंदर दृश्यों का प्रत्यक्ष अनुभव कर सकते हैं। हमें विश्वास है कि आप पाएंगे कि Thames हॉस्पिस हमारे समुदाय का एक जीवंत हिस्सा है, जो सांत्वना और जुड़ाव को ऐसे तरीकों से सामने लाता है, जिनकी आपने शायद कल्पना भी नहीं की होगी।

यह पुस्तिका अन्य भाषाओं में भी उपलब्ध है। कृपया हमारी वेबसाइट **www.thameshospice.org.uk/hospicecareforall** पर जाएं या हमें ईमेल करें।

Thames Hospice,
Windsor Road,
Maidenhead,
SL6 2DN
चैरिटी नंबर 1108298

01753 842121
www.thameshospice.org.uk
intouch@thameshospice.org.uk